डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 129 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 21 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जीरन थाना क्षेत्र के गांव कुचड़ौद में एक युवक दिनेश गिरी उम्र 35 वर्ष ने फांसी लगाकर जान दे दी।**

दिनेश ने अपने रिश्ते के चाचा के पशु बाड़े में सुसाइड किया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह मिली। एक पड़ोसी पशुओं का दूध निकालने बाड़े में गया, उसने दिनेश का शव टीन शेड की लोहे की बल्ली से लटका देखा। उसने तुरंत परिजनों और ग्रामीणों को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतारकर पंचनामा बनाया गया। फिर शव को निजी वाहन से नीमच बड़े अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जीरन थाना प्रभारी बीएल भाभर ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में पीएम कराया गया। मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।






# न बीमा हो रहा न रिन्यूअल




## नियमों के फेर में बंधे विभाग, परेशान बाइक मालिक

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कंपनी और परिवहन विभाग के नियमों के बीच बाइक मालिक उलझकर रह गया है। न बीमा हो पा रहा है और न ही रिन्यूअल। बीमा कंपनी अपने नियम पर अड़ी है तो परिवहन विभाग अपने। बीमा कंपनी को रिन्यूअल के कागज चाहिए तो परिवहन विभाग रिन्यूअल करने के लिए बीमा के कागज मांग रहा है।

पद्रह साल बाद बाइक या किसी भी वाहन का रजिस्ट्रेशन खत्म हो जाता है। रजिस्ट्रेशन के लिए शुरुआत में ही राशि ले ली जाती है। यह राशि होती है रोड टैक्स के नाम से। दरअसल इस टैक्स की अवधि 15 साल की रहती है। इसके बाद उसे दोबारा रिन्यू करवाना आवश्यक होता है, ताकि परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में वाहन अस्तित्व में रहे। रिन्यूअल अगले 5 साल तक के लिए होता है। साल 2009 या उससे पहले के वर्षों में बाईक खरीदने वाले करीबन 1.5 लाख लोग इन दिनों नियमों के पेंच में हैं। जिले में टू-व्हीलर का बीमा करने वाली प्राइवेट बीमा कंपनियों की संख्या 08 से अधिक है। दरअसल इन कंपनियों ने 15 साल पुराने टू-व्हीलर में बीमा सुविधा देने से पहले रिन्यूअल (अपडेट) रजिस्ट्रेशन कार्ड मांगना शुरु कर दिया है। सॉफ्टवेयर भी इसी मान से काम करते हैं। सीधा सा मतलब है कार्ड रिन्यू नहीं है तो बीमा नहीं हो सकता। इधर वाहन मालिक जब कार्ड रिन्यू कराने के लिए परिवहन विभाग पहुंचता है तो वहां के नियम मुताबिक वाहन का बीमा दस्तावेज मांगा जाता है। उसी की डिटेल सबमिट करने के बाद ही रिन्यूअल प्रक्रिया हो पाती है। ऐसे में करीबन डेढ़ लाख वाहन मालिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। नई आबादी के पुरुषोत्तम पोरवाल का कहना है प्रक्रिया सरल होना चाहिए। क्योंकि, निजी कंपनियां सॉफ्टवेयर का बहाना बनाती है।

### यहां पुलिस वसूलती जुर्माना...

इस दायरे के वाहन जब ट्रैफिक पुलिस चेक करती है तो 02 खामियां मिलती हैं। रजिस्ट्रेशन कार्ड एक्सपायर्ड हो चुका रहता है और वाहन का बीमा भी नहीं रहता। जुर्माना प्रक्रिया होती है सो अलग। इस बीच वाहन पर परिवहन विभाग का बकाया टैक्स व पेनल्टी प्रतिवर्ष के मान से बढ़ता जाता है। बीमा न होने से एक्सीडेंटल क्लेम की पात्रता भी नहीं रहती।

### ऐसे उलझा हुआ है पेंच...

इंश्योरेंस कंपनी से जुड़े लोगों के अनुसार 15 साल वाले दायरे के वाहनों का थर्ड पार्टी बीमा तभी संभव है, जब रजिस्ट्रेशन कार्ड एक्सपायर्ड न हुआ हो। आरटीओ जाकर कार्ड रिन्यूअल करवाएं तभी बीमा सुविधा दे पाएंगे। इधर अब परिवहन विभाग की बात करें तो उनके नियमों के अनुसार संबंधित वाहन का बीमा होगा तभी तो परिवहन विभाग का पोर्टल रजिस्ट्रेशन रिन्यू कर पाएगा।

### स्क्रेप पॉलिसी भी नहीं...

मामले में दूसरा पेंच ये भी है कि केंद्र सरकार ने स्क्रेप पॉलिसी 15 साल पुराने डीजल वाहनों को लेकर बनाई है। क्योंकि ये प्रदूषण अधिक करते हैं। टू-व्हीलर को लेकर कर कोई नियम नहीं बनाया। इसके अलावा एक वजह ये भी है कि 15 साल पुरानी बाइक में थर्ड पार्टी बीमा होता है, उस पर निजी कंपनी के एजेंट को केवल 2.5 फीसदी ही मिलता। जबकि, नई गाड़ी पर 10 सालों तक फर्स्ट पार्टी बीमा में लगभग 16 फीसदी कमीशन पात्रता रहती है।

# जीआईएस 2025: लक्ष्य के मुकाबले 114 प्रतिशत पंजीयन

## उद्यमियों और कारोबारियों में जबरदस्त उत्साह, आखिरकार पोर्टल कर दिया बंद

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल में अगले सप्ताह सोमवार से होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 (जीआईएस) के प्रति जिले में भी उत्साह नजर आ रहा है। यहां लक्ष्य से अधिक उद्यमियों व कारोबारियों का पंजीयन हो चुका है। लक्ष्य के मुकाबले 114 प्रतिशत पंजीयन हो चुका है। यही स्थिति अन्य जिलों में भी है। इसके चलते जीआइएस का पोर्टल बंद कर दिया है। इन्वेस्टर्स समिट के लिए उद्योगपतियों में उत्साह है। पूरे संभाग में यही उत्साह है। इससे व्यापक स्तर पर निवश की संभावना बनी है। यह स्थिति रोजगार भी बढ़ाएगी।

भोपाल के लेक व्यू अशोका, हलाली रिट्रीट समेत 10 से ज्यादा होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस सेंटर और गोल्फ ग्राउंड को सरकार प्राइवेट हाथों में सौंपने जा रही है। इन्हें पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर चलाया जाएगा। 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इन प्रॉपर्टी को प्रजेंटेशन के जरिए इन्वेस्टर्स को दिखाया जाएगा। इनमें से सबसे बड़ी प्रॉपर्टी भोपाल की लेक व्यू अशोका रेजिडेंसी है। नई दिल्ली के बाद अब इसका प्रजेंटेशन होटल या रिसॉर्ट सेक्टर से जुड़े उद्योगपतियों को दिखाया जाएगा। उज्जैन संभाग के उद्यमी एवं कारोबारी को जीआईएस में भाग लेने के लिए उनका पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा दिए गए लक्ष्य से संभाग ने 08 प्रतिशत अधिक पंजीयन कर दिए हैं। उज्ज्ैन संभाग के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को 835 का लक्ष्य मिला था। इसके मुकाबले संभाग के डीआईसी कार्यालय ने 899 लोगों का पंजीयन कर दिया है। जबकि, मंदसौर जिला उद्योग व्यापार केंद्र को 50 पंजीयन का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन जीआईएस को लेकर तगड़ा उत्साह नजर आया। लक्ष्य को पार करते हुए पंजीयन की संख्या 57 तक पहुंच गई।

### 10 साउंड एंड लाइट शो को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी...

प्रदेश के 10 पर्यटन स्थलों पर संचालित सभी साउंड एंड लाइट शो को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की गई है। इनमें ओरछा, खजुराहो, सांची, पचमढ़ी, चंदेरी, बुरहानपुर, इंदौर और ओंकारेश्वर शामिल हैं। इसके अलावा महेश्वर और उज्ज्ैन में भी अगले माह साउंड एवं लाइट शो शुरू किए जाएंगे। शहडोल जिले में बाणसागर डैम के बैक वाटर क्षेत्र में बने प्रदेश के सबसे बड़े आइलैंड रिसॉर्ट सरसी का भी विस्तार होगा। इसके लिए भी निजी निवेशकों को ऑफर दिया जाएगा। 23 एकड़ में फैले इस रिसॉर्ट की दो महीने पहले ही शुरुआत हुई है।

### 14 जिलों में टूरिज्म एक्टिविटी भी करवा सकेंगे वेलनेस सेंटर...

जीआईएस में एमपीटीडीसी इन्वेस्टर्स को कुल 25 लोकेशन दिखाएगा। ये प्रॉपर्टी जबलपुर, मंदसौर, धार, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, भिंड, नीमच, बैतूल, रायसेन, बुरहानपुर, शाजापुर, शहडोल, विदिशा और अलीराजपुर जिलों में है। ये सभी लोकेशन होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस सेंटर और टूरिज्म एक्टिविटी से जुड़ी हैं। इनमें कुल 62 करोड़ रुपए का निवेश हो सकेगा।

### उद्यमियों के लिए सत्र...

दो दिवसीय समिट में शामिल होने वाले उद्यमियों के लिए विभिन्न सेशन आयोजित किए जाएंगे। इसमें उन्हें आईटी, एमएसएमई, ऑटोमोबाइल्स, माइनिंग, फार्मा, पर्यटन, स्टार्टअप आदि क्षेत्रों की जानकारी मिल सकेगी।

# भाजपा ने फिर दिल्ली में दोहराया पार्टी विद डिफरेंट वाला फार्मूला...

**मंदसौर/उज्जैन, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनसंघ के जमाने की विचारधारा वाली वर्तमान भाजपा ने अपने पुराने फार्मूले पार्टी विद डिफरेंश का उपयोग फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री चयन में कर नए नेता के सपने पूरे कर दिए तो पुराने के होल्ड पर रख दिए हैं। दरअसल जब से डबल इंजन नेतृत्व ने भाजपा संभाली है। भाजपा की पहले से चली आ रही परंपराए बदली गई तो कुछ लगभग समाप्त ही कर दी गई है। जनसंघ के समय से जब कांग्रेस से संघर्ष का दौर था, यही भाजपाई कांग्रेसी सरकार की विदेश और अर्थ नीतियों की कड़ी आलोचना करते थे। तत्समय के मुद्दे राष्ट्रीय अस्मिता को भी प्रभावित करते थे। इन गंभीर मुद्दों के साथ वर्ग भेद के साथ हिंदुओं के उत्थान के लिए अलग से मुहिम लगातार चलाए रखना भी इनकी राजनीति का हिस्सा था, आज भी है।


चन्द्रमोहन भगत

डबल इंजन नेतृत्व में भाजपा के इस अभियान में तेजी लाने के लिए जिस राज्य में भी सरकार बनने लायक विधायक जीते, एकदम नए और युवा नेताओं को कमान देना शुरू कर दिया। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री को देखें तो सभी मध्य उम्र के और कई तो पहली बार के तो कहीं दूसरी या तीसरी बार के विधायकों को मुख्यमंत्री बनाया गया है। इसी प्रयोग के चलते दिल्ली में भी जब 48 विधायक जीते तो कई वरिष्ठ नेताओं के नाम आगे आ रहे थे। यह भी अलग बात थी कि जितने विधायक दौड़ में थे, एक भी विधायक ने कांग्रेस या अन्य दल की तरह वरिष्ठ होने या समर्थक विधायकों का समूह होने के कारण मुख्यमंत्री बनाए जाने का दावा तो दूर प्रयास करने की हिम्मत भी नहीं कर पाए थे। किसी विधायक ने अगर ऐसा प्रयास किया तो वह मंत्रिमंडल में भी स्थान नहीं पा सका। कहा जा सकता है जब से डबल इंजन नेतृत्व चल रहा है, पार्टी के सभी निर्णयो का केंद्रीयकरण कर लिया गया है। यही कारण है की नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ ले चुकी है। किसी तरह का कोई विरोध या विधायकों में असंतोष सतह से नदारत था। मुख्यमंत्री चयन की यही प्रक्रिया लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों में अपनाई गई है। सिर्फ मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र सिंह एक मात्र उम्र दराज थे। जबकि, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान के .. **शेष पेज 4 पर**

## ट्रेक्टर ट्राली से डोडाचूरा बरामद, एक गिरफ्तार

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की रतनगढ़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी कर एक बिना नंबर के लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली से 90 किलो डोडाचूरा बरामद किया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि लीलाशंकर तेली उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम गुणता ट्रैक्टर-ट्रॉली में डोडा चूरा लेकर डीकेन से रतनगढ़ होते हुए बेगूं, राजस्थान की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर लीला शंकर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान ट्रॉली में 5 काले प्लास्टिक के कट्टे मिले जिनमें डोडाचूरा भरा था। प्रत्येक कट्टे का वजन 18 किलो था। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल और ट्रेक्टर ट्राली भी जब्त किया। प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।




## विचार-मंथन

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति...




मुख्य निर्वाचन आयुक्त के चयन को लेकर जैसे कि कयास लगाए जा रहे थे, आखिरकार वही हुआ। विपक्ष मांग करता रहा कि इस पद पर नियुक्ति के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई तक बैठक को टाल दिया जाना चाहिए। मगर सरकार ने उस मांग को अस्वीकार करते हुए राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले ही बैठक बुला ली और नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कर दी गई। अब इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का जो भी फैसला आएगा, उसका बहुत मतलब नहीं रह जाएगा। नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पदोन्नत किया गया है। मगर विपक्ष इसे उचित नहीं मान रहा। दरअसल, पिछले कुछ समय से जिस तरह निर्वाचन आयोग के कामकाज और उसकी कर्तव्यनिष्ठा को लेकर सवाल उठते रहे हैं, उसमें नए निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सरकार की हड़बड़ी संदेह की गुंजाइश पैदा करती है। संवैधानिक पदों पर नियुक्ति में पारदर्शिता की अपेक्षा स्वाभाविक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में निष्पक्षता की मांग इसलिए उठती रही है कि इसी संस्था से लोकतंत्र की रक्षा का भरोसा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में निर्वाचन आयुक्तों के सरकार की मंशा के अनुरूप काम करने, मतदाता सूची और मतदान मशीनों में गड़बड़ी कराने, मतदान संबंधी ब्योरों में तालमेल न होने आदि के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। इसीलिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में निष्पक्ष व्यवस्था की गुहार लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया था। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब भारत निर्वाचन आयोग के कामकाज के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। पहले भी सरकार पर अपनी पसंद के व्यक्ति को इस पद की जिम्मेदारी सौंपने का आरोप लगा है। प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति इस पद पर नियुक्ति करते थे। मगर जब निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता धुंधली होने लगी, तो इस नियुक्ति प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी गई थी। तब सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश की तीन सदस्यों वाली समिति इस पद पर नियुक्ति करेगी। मगर सरकार ने उस व्यवस्था को पलट कर कानून बना दिया कि तीन सदस्यों में एक सदस्य प्रधान न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री होगा। इसी पर स्थगन की याचिका दायर की गई है, जिस पर सुनवाई होनी है। अगर सरकार सचमुच इस पद की निष्पक्षता को लेकर गंभीर होती, इस संस्था की स्वायत्तता को मूल्यवान समझती, तो शायद इतने विवादों के बावजूद इस पद पर नियुक्ति की ऐसी जल्दबाजी न दिखाती। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संवैधानिक संकल्प है। यह तभी संभव हो सकता है, जब निर्वाचन आयुक्त स्वायत्त और निष्पक्ष ढंग से काम कर सके। अगर उसका झुकाव किसी दल विशेष या सत्तपक्ष की तरफ होगा, तो इसका असर चुनाव नतीजों पर नजर आएगा। स्वायत्तता के साथ-साथ यह मांग भी लगातार उठती रही है कि निर्वाचन आयोग को एक नखदंत विहीन संस्था के बजाय अधिकार संपन्न संस्था बनाया जाना चाहिए, जो आचार संहिता के उल्लंघन आदि के मामले में कठोर कार्रवाई कर सके। मगर ऐसा कोई चुनाव नहीं गुजरता, जब निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप नहीं लगते। सबसे अधिक तो मतदान मशीनों को लेकर सवाल उठते हैं। मगर इस शंका के निवारण के लिए कोई भरोसेमंद तरीका नहीं निकाला गया। ऐसे में मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में परस्पर सहमति की अपेक्षा स्वाभाविक है।

# प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी न्यायालय के निर्देशों और मंत्रिपरिषद में पारित आदेशों की अवहेलना कर रहे है-डा.जैन

### मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने पत्रकारों के समक्ष चिकित्सकों के चरणबद्ध आंदोलन के मुद्दों व रूपरेखा को रखा



**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. शासकीय-स्वशासी चिकित्सक महासंघ के बैनर तले प्रदेश के करीब 8 मेडिकल ऑफिसर एवं डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। 20 फरवरी से शुरू हुआ यह चरणबद्ध आंदोलन 24 फरवरी को पूर्ण असहयोग आंदोलन में बदल जाएगा। मध्य प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी न तो मान. हाई कोर्ट के निर्देशों का तय समय सीमा निकल जाने के पश्चात भी पालन कर उच्च स्तरीय समिति का पुनर्गठन कर रहे है, न ही पिछली उच्च स्तरीय समिति के निर्णयों के बाद मान. मंत्री परिषद की बैठक में पारित विषयों के 17 महीने निकल जाने के बाद भी मंत्री परिषद के आदेशों की अवहेलना कर विभागीय आदेश निकाल उनका क्रियान्वन कर रहे हैं, और न ही कोलकाता की वीभत्स घटना पश्चात महिला चिकित्सकों के सुरक्षा मानकों हेतु मान. सुप्रीम कोर्ट और नेशनल टास्क फोर्ट के दिशानिर्देशों को लागू कर रहे हैं, आज पुन: मजबूरन विवश होकर प्रदेश के चिकित्सकों को ये आंदोलन करना पड़ रहा है।

यह बात मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) मंदसौर के अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन ने सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान एमटीए सचिव डॉ ईशांत चौरसिया एवं आईएमए मंदसौर अध्यक्ष डॉ. सुरेश जैन भी उपस्थित थे।

पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष डॉ.सौरभ जैन ने बताया कि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय,मध्य प्रदेश एवं मुख्य लोकतांत्रिक संस्था मध्यप्रदेश के कैबिनेट से पारित आदेश की अवहेलना की वजह से हम आंदोलन के लिए बाध्य हुए। जिसमें प्रमुख रूप से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 4 दिसंबर 2024 के अपने आदेश में 2 सप्ताह में हाई पावर कमेटी का गठन एवं उससे अगले 2 सप्ताह में डॉक्टर्स के मुद्दे सुलझाने का आदेश दिया था जो कि आज दिनांक तक नहीं दिया गया। इस कमेटी का शीघ्रातिशीघ्र गठन कर हम सभी घटक संगठनों की सभी मांगों को इसमें शामिल कर उनका हल निकालेंगे। मध्य प्रदेश कैबिनेट से पारित समयमान चयन वेतनमान (डीएसीपी) का अभी तक कई चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों को लाभ नहीं मिल रहा है। कई जगह इसके जो आदेश जारी हुए वह भी त्रुटिपूर्ण है। साथ ही हमारी मांग है कि मध्य प्रदेश कैबिनेट द्वारा 4 अक्टूबर 2023 में पारित आदेश सातवें वेतनमान का वास्तविक लाभ 1 जनवरी 2016 से दिया जाए। एनपीए की गणना सातवें वेतनमान के अनुरूप की जाये। एमपीपीएचसीएल द्वारा सप्लाई की गई कई दवाइयां अमानक पाई गई जिसमें कुछ दवाईया आईसीयू व ऑपरेशन थिएटर में उपयोग होने वाली जीवन रक्षक दवाई भी शामिल है। इसके पश्चात भी आज दिनांक तक निर्माताओ पर कोई एफआईआर नहीं की गई। अत: तुरंत संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्यवाही की जाये। कोलकाता के आर जी कार मेडिकल कॉलेज में हुई दुखद घटना के पश्चात माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित नेशनल टास्क फ़ोर्स की रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने का कोई प्रयास नहीं हुआ अत: इस ओर कठोर कदम उठाये जाये। विभाग में तकनीकी विशेषज्ञ के स्थान पर नए नए आदेश कर प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति से प्रदेश की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था अधर में जा चुकी है। अत: प्रशासनिक दख़लंदाज़ी ख़त्म किया जाये।

**यह है आंदोलन की रूपरेखा-** एमटीए सचिव डॉ ईशांत चौरसिया ने बताया कि आज 20 फरवरी को समस्त चिकित्सकों ने भोजन अवकाश में आधे घंटे दोपहर 1 से 1.30 बजे काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है। कल 21 फरवरी, शुक्रवार को काली पट्टी बांध कर प्रदेश के चिन्हित अस्पतालों में जनता के स्वास्थ से खिलवाड़ के विरोध में

अमानकदवाइयोंकी सांकेतिकहोली जलाएंगे तथा भोजन अवकाश में दोप. 1 से 2 बजे विरोध प्रदर्शन करेंगे। 22 फरवरी को चिकित्सक काली पट्टी के साथ प्रदेशव्यापी सामूहिक चिकित्सक उपवास रख मुंह पर मास्क / पट्टिका पहनकर भोजन अवकाश में दोपहर 1 से 2 प्रदर्शन करेंगे। 24 फरवरी, सोमवार से

चिकित्साबचाओ-चिकित्सकबचाओ जन आंदोलन का ऐलान करेंगे।



# पीएम आवास शहरी के पंजीयन से शेष सभी हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करें -कलेक्टर

### कलेक्टर ने नगरीय निकायों की बैठक में की नगरीय विकास योजनाओं की समीक्षा

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी नगरीय निकाय प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत वर्तमान में चल रहे पंजीयन कार्य की प्रगति की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और पंजीयन से शेष रहे सभी पात्र हितग्राहियों का पीएम आवास के लिए पंजीकरण करवाए। कोई भी हितग्राही पंजीयन से वंचित ना रहे। पीएम स्वनिधि योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए अभी से लक्ष्य तय कर 15 मार्च के पूर्व जानकारी प्रस्तुत करें। इस योजना के तहत शतप्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को हांसिल करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी नगरीय निकायों के सीएमओ की बैठक में नगरीय विकास योजनाओं एवं कार्यो की प्रगति की निकायवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री चंद्रसिह धार्वे, सीएमओ नीमच श्री महेन्द्र वशिष्ठ एवं सभी सीएमओ तथा अन्य अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्तमान में चल रहे पीएम आवास योजना 0.2 के तहत शेष पात्र हितग्राहियों के पंजीयन का कार्य सभी सीएमओ सुनिश्चित कर ले और यह देख ले, कि कोई भी हितग्राही पंजीयन से वंचित ना रहे। यदि पंजीकरण पोर्टल बंद होने के बाद यदि किसी हितग्राही की कोई शिकायत प्राप्त होगी तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के तहत पूर्व में पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या शेष रहे हितग्राहियों की संख्या एवं वर्तमान में किए गए पंजीयन की संख्या की जानकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को शहरी क्षेत्र में स्वीकृत आंगनवाडी केंद्र भवनों का निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करवाने और पुराने आंगनवाडी भवनों का आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं रिनोवेशन का कार्य मार्च अंत तक करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने और 70 वर्ष से अधिक आयु के शतप्रतिशत हितग्राहियों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने तथा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारीयाँ पूर्ण करने के निर्देश भी सभी सीएमओ को दिए।

### दलौदा महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र खोलने को लेकर पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया से मिले जनभागीदारी अध्यक्ष धनोतिया .....

# सिसोदिया ने अधिकारियों को तत्काल छात्र हित में निर्णय लेने हेतु दिए निर्देश

**दलौदा, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा में 2018 से बीए बीकॉम बीएससी संकाय के अंतर्गत बहुसंकाय विषय जिसमें बीएससी कंप्यूटर विज्ञान भी संचालित हो रहे है। वर्ष 2023 में महाविद्यालय का नवीन भवन का लोकार्पण हुआ है। महाविद्यालय में दलौदा नगर केग्रामीण क्षेत्रों से करीब 1800 से अधिक छात्र छात्राएं वर्तमान में नवीन भवन में अध्ययनरत हैं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेमंत धनोतिया ने बताया कि दलौदा महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र नहीं हे जिसके कारण छात्र छात्राओं को परीक्षा देने के लिए मंदसौर स्नातकोत्तर महाविद्यालय जाना पड़ता हे दलौदा महाविद्यालय का बड़ा भवन बनकर तैयार हे छात्र छात्राओं की सुविधाओं को देखते हुए दलौदा महाविद्यालय में ही परीक्षा सेंटर हो उसको लेकर पूर्व विधायक माननीय यशपाल सिंह सिसोदिया से श्री धनोतिया ने भेंट की जिस पर श्री सिसोदिया ने तत्काल के छात्र हित हो देखते हुए दूरभाष पर उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विक्रम विश्वविद्यालय का परीक्षा केंद्र खुलवाने का आग्रह किया हैं। श्री सिसोदिया द्वारा



तत्काल विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के परीक्षा नियंत्रक को दूरभाष पर दलौदा कॉलेज को इसी सत्र से परीक्षा केंद्र बनाने हेतु निर्देश दिए तथा अग्रणी प्राचार्य मंदसौर को दलौदा कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाने के संबंध आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध करने के लिए कहा। जिस पर अग्रणी प्राचार्य श्री जे एस दुबे द्वारा सहमति दी गई। ज्ञातव्य है कि दलौदा महाविद्यालय के विद्यार्थी 20 किमी दूरी तय करके मंदसौर परीक्षा देने हेतु जाते है। जिससे अनेक बार ग्रामीण क्षेत्रों से परिवहन के साधन न मिलने पर परीक्षा से वंचित भी रह जाते है। इस विषय को लेकर अनेक बार छात्र छात्राओं के अभिभावक जनभागीदारी अध्यक्ष श्री धनोतिया से भी मिले।



# रासेयो का इकाई स्तरीय सप्त दिवसीय विशेष शिविर प्रारम्भ

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संस्था स्तरीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 21 फरवरी से 27 फरवरी तक ग्राम पंचायत रिछालाल मुंहा में आयोजित होगा, जिसमें महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के 100 शिविरार्थियों की सहभागिता होगी।

प्राचार्य महोदय ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय में समिति का गठन किया गया है जिसके शिविर संगठक - डॉ. के. आर. सूर्यवंशी (जिला संगठक, एनएसएस), शिविर आयोजन सचिव - डॉ. अनिल कुमार आर्य (एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक 01), शिविर संयोजक - डॉ. ललिता लोधा (एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक 02), एवं शिविर आयोजन सहायक - प्रो. रितु शर्मा (अतिथि विद्वान प्राणिकी) तथा प्रो. प्रहलाद भट्ट (अतिथि विद्वान, राजनीतिशास्त्र) रहेंगे।

# श्री श्याम बाबा ग्वालटोली में श्री श्याम संकीर्तन 8 मार्च को



**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल ग्वालटोली द्वारा फाग महोत्सव के उपलक्ष्य में करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम के उद्देश्य के साथ आगामी 8 मार्च को लालघाटी खेल मैदान पर श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सायं 7:15 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत श्री श्याम बाबा का मनमोहक एवं अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। साथ ही श्री श्याम संकीर्तन में देश के प्रसिद्ध भजन गायक गिरिराज महाराज- जयपुर, रानू सेन- सवाई माधोपुर एवं कुलदीप अहीर- नीमच सहित अन्य कलाकार मधुर संगीत के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर बाबा की ज्योत जलेगी, छप्पन भोग सजेगा एवं इत्र व फूलों की वर्षा की जाएगी। इस आयोजन को लेकर श्री श्याम परिवार मित्र मंडल ग्वालटोली द्वारा सभी तैयारियां जोर-जोर से पूर्ण की जा रही है। जैसा की विदित हो की बीते कुछ वर्षों से ग्वालटोली में यह आयोजन निरंतर आयोजित हो रहा है। अब तक यह कार्यक्रम गौ पाल चौराहा ग्वालटोली पर आयोजित होता था लेकिन आयोजन को और भव्यता देते हुए आयोजक मंडल द्वारा इस बार इस कार्यक्रम को लालघाटी खेल मैदान पर करने का निर्णय लिया गया है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किश्त 24 को होगी जारी

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। योजना की 19 वीं किश्त का वितरण 24 फरवरी को किया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु हितग्राही किसानों की जमीन लिंक, आधार एवं बैंक खाता डीबीटी हेतु इनेवल एवं ई-केवायसी होना जरूरी है। हितग्राही किसानों की ई-केवायसी सीएससी केंद्र/पीएम किसान पोर्टल/पीएम किसान ऐप के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा कार्यवाही पूर्ण की जाना है। ई-केवायसी की कार्यवाही हितग्राहियों द्वारा सीएससी केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक के माध्यम से एवं पीएम किसान पोर्टल/पीएम किसान ऐप के माध्यम से आधार नंबर के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से पूर्ण की जा सकती है। पीएम किसान एप पर फेस रिकॉग्निशन के माध्यम से भी ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार संकल्पित-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों की हायर सेकेंड्री बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में शुक्रवार 21 फरवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और केरियर के अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा और कौशल उन्नयन के माध्यम से प्रदेश के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुक्रम में प्रदेश में हर स्तर पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। कई सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिये प्रदेश में विकास का कारवां निरंतर चलता रहेगा।

# सड़कों के निर्माण में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें-गुप्ता

### संभागायुक्त की अध्यक्षता में संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सड़कों का निर्माण करने वाले सभी विभाग सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करें। सभी ग्रामीण सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से करवाए। नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध अर्थदण्डर की कार्यवाही करें। अस्पताल, स्कूल, कॉलेज को सायलेंस झोन घोषित करें। यह निर्देश संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता ने गुरूवार को संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संभाग के सभी जिलों के अधिकारियों को दिए। बैठक में ए.डी.जी.पी. उज्जैन श्री उमेश जोगा सहित संभाग स्तरीय समिति के सदस्य , अधिकारीगण उपस्थित थे।

नीमच के एनआईसी कक्ष नीमच में वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में कलेक्टंर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसौदिया एवं आरटीओ श्री नन्दलाल गामड भी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन की खुदाई के कारण सड़कों को हुई क्षति पर रोडरेस्टोरेशन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करवाया जाए। उन्होने निर्देश दिए, कि उपार्जन केंद्रों एवं मण्डी में आने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों पर प्रवेश के समय रिफलेक्टर लगाए जाए। संभागायुक्त ने कहा, कि हाईवे एवं अन्ये सड़कों पर पर्याप्त् साइनेज हो, स्पीट ब्रेकर, सडक सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही बनाए जाए। हाईवे पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाए और शतप्रतिशत स्कूल वाहनों का फिटनेस चेक कर लिया जाए। बैठक में ए.डी.जी.पी. उज्जैन श्री उमेश जोगा ने सभी विभागों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समन्कूत सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, कि यातायात एवं सड़क सुरक्षा के प्रति व्यापक जनजागरूकता से ही सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्हो ने महाशिवरात्री मेले एवं पर्व को ध्यान में रखते हुए ओव्हरलोड वाहनों पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने संभागायुक्त को नयागांव से जावी- सीतामऊ, आगर होते हुए भोपाल नवीन सड़क निर्माण का कार्य आगामी सिंहस्थ को देखते हुए करवाने का सुझाव दिया, जिससे, कि उज्जैन सिंहस्थ जाने वाले श्रृद्धालुओं को नीमच जिले से उज्जैन के लिए एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग की सुविधा उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने सड्क सुरक्षा के मद्देनजर जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी अवगत कराया।

# मनासा क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायकों को रिक्त पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

### जिला पंचायत सीईओ वैष्णव ने किया अतिरिक्त प्रभार का आदेश जारी

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने मनासा क्षेत्र की ऐसी ग्राम पंचायतों जिसमें ग्राम रोजगार सहायक पदस्थ नहीं होने से पंचायतों में विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्य प्रभावित होने के फलस्वरूप प्रशासकीय कार्य की दृष्टिसे मनासा क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों जिनमें ग्राम रोजगार सहायक पदस्थ नहीं होकर, पद रिक्तक है। उन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत बारवाडिया के ग्राम रोजगार सहायक श्री अरूण कुमार मिश्रा को अमरपुरा ब्लॉक, चपलाना के श्री सुनील शर्मा को आंत्री बुजुर्ग, पिपलिया घोटा के श्री जीवन उपाध्याय को उचेड, धाकड खेडी के श्री पप्पु कोदली को कंजार्डा, राजपुरा के श्री हेमंत पाटीदार को कुण्डालिया, मौखमपुरा के श्री मांगीलाल कुशवाह को खजुरी, चौकडी के श्री जितेन्द्र सोनी को खेडली, खिमला ब्लॉक के श्री मोहन भट्ट को चंद्रपुरा, जालीनेर के ग्राम रोजगार सहायक श्री पवन शर्मा को ढाकनी, ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सहायक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत टामोटी के ग्राम रोजगार सहायक सर्वश्री गोरखनाथ योगी को ढोढर ब्लॉक, दांता के गोपालनाथ को देवरान, खानखेडी की सुश्री कर्मा नागदा को देवरी खवासा, बावडा के राजू पाटीदार को पलासिया, तलाऊ के दीपक राठौर को बरलाई, हांसपुर के दिनेश कुमार मालवीय को बरखेड़ा, जमुनिया रावजी के संजय वर्मा को बरडिया जागीर, ढंढेरी के विरेंद्र दायमा को मोकडी, डांगडी के धर्मेद्र शर्मा को मालाहेडा, बड़कुआ के जीवन राठौर को रायसिहपुरा, कचौली के जयप्रकाश उपाध्याय को सांडिया, फोफलिया के मुकेश कुमार रावत को हनुमंतिया, पड़दा के आबिद हुसैन को भेरपुरा, हतुनिया के भरत मालवीय को पिपलिया सिंघाडिया, बालागंज के ग्राम रोजगार सहायक चांदमल चौहान को ग्राम पंचायत दांतोली एवं ग्राम पंचायत पिपलियाहाडी के ग्राम रोजगार सहायक तोफान गरासिया को ग्राम पंचायत खेडी के ग्राम रोजगार सहायक का अतिरिक्त् प्रभार सौंपा गया है। जपं मनासा के सीईओ के प्रस्ताव पत्र दिनांक 14 फरवरी अनुसार जारी आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि...

# मप्र दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य 25 को होगा सहकारिता अनुबंध

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आगामी 25 फरवरी को एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय ड्येरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रि-परिषद द्वारा एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य होने वाले सहकारिता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दे दी गयी है। अब यह अनुबंध निस्पादत किया जा रहा है। इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। एक दुग्ध समिति लगभग 1 से 3 गांव में दुग्ध संकलन करती है, 9 हजार दुग्ध समितियां के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलोग्राम से बढ़कर 3.7 लाख किलोग्राम प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। वर्तमान में ड्येरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**सांची ब्रांड होगा और मजबूत-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के सांची ब्रांड को और मजबूत किया जाएगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जायेगा। ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवश्यकता अनुसार तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा तथा कार्यरत अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

# जहरीली चाय पीकर एक ही परिवार के छह बीमार, तीन वर्षीय बालिका की मौत

**रतलाम, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलीपाड़ा में चाय पीने के बाद एक ही परिवार की तीन वर्षीय बालिका सहित छह व्यक्ति बीमार हो गए थे। इनमें से बालिका की हालत गंभीर बनी हुई थी। उसने गुरुवार सुबह करीब सवा नौ बजे दम तोड़ दिया।

बीमार लोगों का कहना है कि उन्होंने बगैर दूध की काली चाय पी थी। उसी के बाद तबीयत बिगड़ी। दो दिन बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तबीयत बिगड़ने का कारण चाय है या अन्य। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**ये है पूरा मामला-** उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को सुबह 60 वर्षीय बेरमबाई पत्नी जीवला सिंगाड़ ने चाय बनाई थी। इसके बाद उन्होंने परिवार के साथ चाय पी थी। कुछ देर बाद उनके पति 62 वर्षीय जीवला सिंघाड़, पौती 3 वर्षीय प्रियंका पुत्री भंवरलाल सिंगाड़ व 17 वर्षीय पीना पुत्री नाहरसिंह सिंघाड़, पौतवधू 30 वर्षीय मेमुड़ीबाई पत्नी भंवरलाल सिंघाड़, देवर 55 वर्षीय हुरजी सिंघाड़ पुत्र जालू सिंघाड़ा की तबीयत बिगडी गई थी। उन्हें चक्कर आ रहे थे और उल्टियां हो रही थी। कुछ लोग अचेत हो गए थे। परिजन जीप से सभी को रावटी के सरकारी अस्पताल ले गए थे। सभी पीड़ितों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। प्रियंका की हालत गंभीर बनी थी। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पीना को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव उसके परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार लोगों की तबीयत बिगड़ने व प्रियंका की मौत का कारण पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है।

**रात में तुंवर दाल व मक्की की रोटी खाई-** बेरमबाई ने बताया कि रात में तुंवर की दाल व सफेद मक्का की रोटी खाई थी। सुबह चाय पत्ती, शक्कर व पानी से बगैर दूध की बनाई थी। कुछ समय बाद वे रोटी बनाने बैठी थी। इस दौरान बाहर प्रियंका के रोने की आवाज आई। उसके पास गई तो उन्हें भी चक्कर आने लगे। पति व अन्य लोगों को भी चक्कर आने पर वे भी लेट गए थे। चाय में और कुछ नहीं मिलाया था। सुबह चाय के अलावा किसी अन्य वस्तु का सेवन भी नहीं किया था। तबीयत क्यों बिगड़ी पता नहीं।

**दूध नहीं होने से काली चाय पीते है-** बैरमबाई के घर से कुछ दूरी पर दूसरे घर में रहने वाले उनके भतीजे दिनेश सिंघाड़ ने बताया कि उन्हें पता चला कि बैरमबाई व अन्य लोगों की तबीयत बिगड़ गई है। वे उनके घर गए थे। सभी को चक्कर आ रहे थे। हुलजी, बैरमबाई ने उन्हें बताया कि चाय पीने के बाद चक्कर आ रहे है। उल्टी व दस्त हो रहे थे। सभी पीड़ियों को जीप में बैठाकर अस्पताल ले गए थे। हुरजी सिंघाड़ ने बताया कि खेती है, लेकिन पशु नहीं है। इस कारण उनके पास दूध नहीं रहता है। वे हमेशा काली चाय बनाकर ही पीते थे। चाय पीने के बाद उल्टी-दस्त, पेट में दर्द होने लगा था और चक्कर आ रहे थे। अब तबीयत ठीक है।

**जांच के बाद कारण पता चलेगा-** मेडिकल कालेज के अधीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि दो दिन पहले छह लोग भर्ती हुए थे। उन्होंने पीने के बाद उल्टी, दस्त, पेट दर्द होने व चक्कर आने की बात बताई थी। बालिका प्रियांका की हालत गंभीर थी। उसे आईसूयी में रखा गया तथा सभी ट्रिटमेंट दिया गया। भर्ती होने के बाद उसने एक उल्टी भी की थी। दुर्भाग्यवश आज उसकी मौत हो गई है। उल्टी, ब्लड, यूरिन आदि के सैंपल लिए गए है। पोस्टमार्टम कराया गया है। सैम्पल जांच के लिए पुलिस को दिए गए है। मामला जांच का विषय है। लक्षण ऐसे लग रहे थे कि कुछ पाइजिंग हो, पाइजिंग है या नहीं, यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

### नवीन अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में...

# वकीलों का पैदल मार्च, जिला न्यायाधीश को सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अधिवक्ता संघ मंदसौर द्वारा नवीन अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस अधिनियम में अधिवक्ताओं की हड़ताल और बहिष्कार पर रोक, अनुशासनात्मक कार्यवाही, विदेशी कानूनी फर्मों के प्रवेश की अनुमति, वकीलों पर अनुचित आर्थिक दंड लगाने जैसे कई प्रावधान किए गए हैं, जिनका अधिवक्ता संघ ने पुरजोर विरोध किया।

मंगलवार को वकीलों ने जिला अधिवक्ता संघ के बेनर तले और संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह पँवार के नेतृत्व मे न्यायालय परिसर में एकत्र होकर पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय को प्रधानमंत्री एवं विधि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह विधेयक वकीलों की स्वतंत्रता छीनने और न्याय व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश है। ज्ञापन पढ़कर सुनाते हुए अधिवक्ता संघ के सचिव प्रवीण जैन ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही, जबकि उनके अधिकारों को सीमित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस विधेयक को तत्काल वापस ले। इस विरोध प्रदर्शन में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी सर्वश्री अजय भावसार, प्रवीण कुमार सोनी, सुनीलसिंह गौतम, विजय आसेरी, विरेन्द्र भादविया, अनुराग दिवाकर, अनिल कुमार शर्मा, धर्मेन्द्रसिंह सोलंकी, शकुंतला नागदा, चन्द्रेशकुमार सोलंकी, अजय सिंह पुरावत सहित जिले के समस्त वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता सम्मिलित हुए। इस दौरान पूरे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्यों से विरत रहकर प्रदर्शन किया।



## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में उत्कृष्ट स्थान दिलाने हेतु बैठक सम्पन्न

**मनासा, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** निकाय मनासा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत व्यावसायिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों स्वच्छता बनाए रखने हेतु एवं नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्टस्थान दिलाने के लिए व्यापारी संघ, सामाजिक सेवा संस्था एवं स्कूलों आदि की नगर परिषद सभागृह में बैठक आयोजित की और स्वच्छ सर्वेक्षण के मुख्य बिंदु के बारे में जानकारी दी गई। और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु व स्वच्छ सर्वेक्षण में अपने मनासा को उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए अपील की। इस उपलक्ष में समस्त व्यापारी संघ , सामाजिक सेवा संस्था महोदय, स्कूल शिक्षक गण, न.प.उपाध्यक्ष , स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, स्वच्छता सभापति, स्वच्छता निरीक्षक, निकाय कर्मचारी, स्वच्छता जमादार और एनजीओ टीम उपस्थित रही।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 31 | 2257 | 2650 |
| उडद | 16 | 5140 | 6499 |
| सोयाबीन | 3354 | 3600 | 4230 |
| गैहु | 2574 | 3000 | 3267 |
| चना | 102 | 4100 | 5621 |
| मसुर | 185 | 5251 | 5975 |
| धनिया | 754 | 4500 | 6750 |
| लहसुन | 18500 | 3000 | 7400 |
| मैथी | 385 | 3480 | 5248 |
| मुंगफली | 1459 | 4000 | 5001 |
| अलसी | 1208 | 5420 | 6125 |
| सरसो | 1915 | 5305 | 5810 |
| तारामीरा | 4 | 4021 | 4111 |
| इसबगोल | 100 | 10100 | 12200 |
| प्याज | 1175 | 1000 | 2600 |
| कलोंजी | 3 | 15615 | 16700 |
| तुलसी बीज | 1 | 4499 | 4499 |
| डॉलर | 7 | 5151 | 8000 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| जौ | 54 | 2320 | 2450 |
| मटरसुखी | 4 | 4501 | 5300 |
| असालीया | 157 | 6452 | 7070 |
| चियाबीज | 38 | 8000 | 12650 |

# अशासकीय विद्यालयों की मान्यता की आवेदन तिथि बढ़ी

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के अशासकीय विद्यालय की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 25 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मान्यता संबंधी निर्देश पूर्व की तरह यथावत रहेंगे।

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। अशासकीय विद्यालयों की दिक्कतों को देखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।

**समेकित छात्रवृत्ति योजना-** स्कूल शिक्षा विभाग ने समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना लागू की है। योजना का नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग निर्धारित किया गया है। समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर सीधे विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है। योजना में प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षावार, स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल में संबंधित की जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम, जो छात्रवृत्ति गणना करने में आवश्यक होते हैं, उसे रिकॉर्ड में रखा जाता है।

## डेमू के आगे कूदकर महिला ने दी जान

**पिपलियामंडी, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** थडोद स्थित ढिकनिया अण्डरब्रिज के यहां ट्रेन से कटकर एक युवती की मौत हो गई। मामला आत्महत्या का सामने आ रहा है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शाम 4.30 बजे करीब चित्तोड़गढ़-रतलाम डेमू के आगे एक युवती कूद गई। महिला के सिर में गंभीर चोंट आने से उसकी मौत हो गई। इंजन ड्राइवर ने पिपलिया रेलवे स्टेशन कार्यालय पर घटना की जानकारी दी। स्टेशन अधीक्षक फरतुल्ला खान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पिपलियामंडी पुलिस ने युवती का स्मार्ट मोबाइल भी बरामद किया है। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया युवती की शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस जांच कर रही है।

# सिंहस्थ-2028 के प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों का उपयोग हो-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभूति बनाने के उद्देश्य से आवागमन, पार्किंग, स्नान, भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा, अपशिष्टप्रबंधन सहित सभी पहलुओं के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यवस्थाओं के संचालन में सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित सभी अद्यतन तकनीकों का उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सिंहस्थ-2028 के प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में आईआईटी एल्यूमिनाए कॉउंसिल के श्री सतीश मेहता द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से संचालित सोलर गोल्फ कार्ट, इलेक्ट्रिक मिनी बसों और 9 मीटर लंबी बसों से श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा गया। उनके प्रस्ताव अनुसार देवास, इंदौर और ओंकारेश्वर से उज्जैन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में शहरी क्षेत्र में प्रायोगिक रूप से इस व्यवस्था के संचालन के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री मोहम्मद सुलेमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट दिल्ली द्वारा समस्त रोगियों का पंजीकरण करके उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गयां रोगियों का रक्त चाप, मधुमेह, कुष्ठरोगी भाई-बहनों के घावों की साफ सफाई, महरम पट्टी, लघु शल्य क्रिया एवं आधुनिक तकनीक से खून की जाँच भी की गई। इसके अतिरिक्त अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श, दवाइयां, इंजेक्शन, महिलाओं के लिए निशुल्क सेनेटरी पेड, सहायक उपकरण भी वितरित किये गये।

सयुक्त कलेक्टर/ मानसेवी सचिव श्री राहुल चोहान द्वारा कलेक्टर श्रीमति अदिती गर्ग की और से समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट दिल्ली की पूरी टीम का निशुल्क शिविर आयोजन में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणा फिल्म 'छावा' मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रिलीज हुई हिन्दी फिल्म 'छावा' को पूरे मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। यह फिल्म शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी के जीवन पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जबलपुर में स्टेडियम लोकार्पण कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि संभाजी महाराज ने अपने जीवन में सभी यातनाएं सहते हुए राष्ट्र और धर्म के लिए अपने प्राण दे दिए थे। छावा उन पर बनी ऐतिहासिक फिल्म है। यह फिल्म राष्ट्रप्रेम का संदेश देती है। शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज की देश भक्ति और उनके जीवन की विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाओं से नागरिकों को परिचित करवाने के लिए मध्यप्रदेश में फिल्म टैक्स फ्री रहेगी।

## पिकअप में मिली डेढ़ टन मछलियां

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने पिकअप वाहन से डेढ़ टन मछलियां जप्त की है। मामले में 02 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। वायडी नगर पुलिस ने वात्सल्य तिराहा कलेक्टोरेट रोड पर ये कार्रवाई की। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने वाहन को रोका। जांच के दौरान उसमें से मछलियां मिली। इनका वजन डेढ़ टन अर्थात 15 क्विंटल निकला। मामले में आरोपी भुनियाखेड़ी निवासी रमेश नंदलाल राव भाट, नाहरगढ़ के संजीत मगरा निवासी मकबूल पिता यासीन खां मेवाती पर फिशरिज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

# जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें-चंद्रा



**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए अपनी उपज लाने वाले किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। सभी केंद्रों पर पेयजल, छाया, एफएक्यू के मानक से संबंधी बैनर, बारदाना, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि की व्यवस्था अभी से कर ले। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्तरीय उर्पाजन समिति की बैठक में उपार्जन तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरएन दिवाकर, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक श्री आरपी नागदा, मार्केटिंग प्रबंधक, वेयरहाउस जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति के प्रबंधक भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में गोदाम स्तरीय 17 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए है। इन केंद्रों का आवश्यकता एवं मांग के अनुसार और बढा दिया जावेगा। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना की व्यनवस्था करने और गेहूं उपार्जन होने पर तत्कांल खरीदी केंद्र से परिवहन कर वेयर हाउस में भण्डारण करने की व्यनवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/327/ई-टेण्डरिंग/2025 नारायणगढ़, दिनांक-20.02.2025

✻✻✻✻ द्वितीय निविदाआमंत्रण सूचना ✻✻✻✻

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_404233_1 दि.20.02.2025 | 2nd call for Inviting rates of JCB per hour Tractor trolly per trip tractor trolly rate including hard moorum with JCB excavating and transportation per trip up to 5 KM rates of large poclain machine per hour including concrete breaking and excavation for financial Year 2025-26 at Narayangarh Town | 12 माह 10,00,000/- | 2000/- 10,000/- | 27.02.2025 5.30 pm |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

ममताकुंवर जयराजसिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद नारायणगढ़
वीरेन्द्र रुपरा, उपाध्यक्ष, नगर परिषद नारायणगढ़
किशनकुमार कुसुमाकर, सभापति लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद नारायणगढ़
प्रमोद जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद नारायणगढ़

## सेल्समेन की आवश्यकता

✻ अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। ✻ अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।
✻ वेतन 5 अंको में ✻ योग्यता को प्राथमिकता
✻✻✻✻✻✻✻ संपर्क ✻✻✻✻✻✻✻
**प्रदीप मोबाईल**
दया मंदिर रोड मंदसौर
मोबाईल- 9893100778, 8319811988

## श्री ज्ञान सागर हाई स्कूल सेमलिया हीरा

सक्षम और समर्पित एक शिक्षक की
**आवश्यकता है**
अच्छे अनुशासित और अनुभवी प्राचार्य की जरुरत है
प्री प्राइमरी से जूनियर हाई स्कूल तक
अंग्रेजी | हिंदी | गणित
और
कक्षा 12वी विज्ञान, गणित, कला और वाणिज्य के लिए
शिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षक की आवश्यकता है
कक्षा 9वी से 12वी तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम उपलब्ध है

## इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

# डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 22 फरवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 23 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं- ✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

# घर पर पथराव, वाहनों में तोड़फोड़

## आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों पर मामला दर्ज

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली क्षेत्र की पारख कॉलोनी में आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने एक युवक के साथ गाली गलौज कर वाहनों में तोड़फोड़ कर घर पर पत्थरबाजी की। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 11.55 बजे रेलवे स्टेशन क्षेत्र की पारख कालोनी में सिद्धार्थ नाहर से रंगदारी के एक लाख रूपए मांगने पहुंचे अंकित तंवर, निखिल तंवर, सौरभ कण्डारे सहित 8 बदमाशों ने गाली-गलोच कर सिद्धार्थ के घर पथराव कर वाहनों में तोडफोड़ कर दी। जब सिद्धार्थ ने रंगदारी देने से इनकार किया तो, गुंडे-बदमाशों ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस वारदात में सिद्धार्थ के घर की खिड़कियों के कॉच फूटे और बाहर खड़े वाहनों में नुकसान पहुंचा। सूचना के बाद कोतवाली से पुलिस बल मौके पर पहुंचा, तब-तक सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अंकित, निखिल, सौरभ सहित आठ बदमाशों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि सिद्धार्थ पिता संजय नाहर निवासी पारख कालोनी मंदसौर ने की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उसके घर के बाहर खड़ा था, तभी तंवर कालोनी के गुंडे-बदमाश आए और उससे रंगदारी के एक लाख रूपए मांगे, जो नहीं देने पर बदमाश मेरे साथ गाली-गलोच कर मारपीट करने लगे। सिद्धार्थ अपना बचाव करते हुए घर के अंदर पहुंचा तो बदमाशों ने घर पर पथराव किया और बाहर खड़े वाहनों में तोडफोड़ की। घटना में घर की खिड़कियों के कॉच फूटे और वाहनों में नुकसान पहुंचा। इतना ही नहीं बदमाश जाते-जाते सिद्धार्थ को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे गए। पुलिस ने मामले में आठ बदमाशों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपी अभी फरार है, जिनकी पुलिस को तलाश है। पुलिस ने अंकित पिता अशोक तंवर, निखिल पिता अशोक तंवर, सौरभ कण्डारे तीनों निवासी तंवर कालोनी हरिजन बस्ती, राहुल पिता रमेश संगतानी, बंटी पिता पप्पु चनाल, शुभम नाई तीनों निवासी बाफना जीनिंग रोड़, देव जोशी तथा कपिल जोशी दोनों निवासी टिगरिया 500 क्वार्टर के खिलाफ धारा 386, 327, 294, 323, 506, 427, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही हैं।

## डोडाचूरा तस्करी के आरोपियों को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डोडाचूरा तस्करी के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए है। आरोपी नशे के लिए खुद ही डोडाचूरा ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पिपलियामंडी पुलिस ने जलोदिया मार्ग पर बैग लेकर जा रहे महोलीकलां, थाना सिदोड़, जिला मरेल कोटला, पंजाब निवासी कुलवंतसिंह (50) पिता गुरमितसिंह जाट व सतनामसिंह (27) पिता चमकावरसिंह जाट को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था, जिन्हें एक दिन, 20 फरवरी तक पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उक्त डोडाचूरा वह जलोदिया निवासी छगन पिता रमेशचन्द्र गायरी से लेकर जा रहे थे। पुलिस ने छगन के खिलाफ भी केस दर्ज किया, जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया तीनों आरोपियों को गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश। जिन्हें जेल भेजने के आदेश दिए।

## धोलावाड़ डेम में मिले शव की हुई शिनाख्त

### 8 फरवरी से कटनी का युवक था लापता, होने वाली थी शादी

**रतलाम, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार शाम रावटी से 8 किमी दूर धोलावाड़ डेम में मिले करीब 28 साल के युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान शुभम तिवारी रूप में हुई है, जो नई बस्ती कटनी का रहने वाला था। यह अपने घर से 08 फरवरी से लापता था। 20 फरवरी गुरुवार को युवक की शादी होने वाली थी। ऐसे में युवक रतलाम कैसे पहुंचा, पुलिस अब इसकी जांच में जुटी है।

ग्रामीणों की सूचना पर मंगलवार 18 फरवरी रात को रावटी थाना पुलिस ने धोलावाड़ डेम पहुंचकर शव को निकाला। शव मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया। शव करीब दो दिन पुराना था। शरीर पर जनेऊ मिली थी। पुलिस ने आसपास के जिलों में सोशल मीडिया के माध्यम से इसका फोटो पहुंचाया। तब जाकर शिनाख्त हो पाई। रावटी थाना पुलिस के अनुसार परिजनों को सूचना दी। युवक कटनी के बड़वारा क्षेत्र स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में इंजीनियर था। वह अपने घर से बिना बताए 08 फरवरी से लापता था। 12 फरवरी को तिलक की रस्म होने वाली थी। 20 फरवरी को शादी थी। यह कटनी से यहां तक कैसे आया। किससे मिला, डेम तक कैसे पहुंचा। इन सभी एंगल पर पुलिस जांच कर रही है।

## रेत का अवैध परिवहन करते आठ वाहन जप्त किए, कब जागेगा मंदसौर खनिज विभाग

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** खनिज विभाग ने अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के करते हुए 08 वाहन जप्त किए। जिला खनिज अधिकारी आरिफ खान ने बताया कि जिले में जावद, नीमच, जीरन तथा डीकेन एवं रतनगढ़ क्षेत्र में कार्रवाई की। डीकेन, रतनगढ़ रोड पर 03 डंपर रेत का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किए। इनमें से एक डंपर नंबर आरजे 09 जीएफ 8605 तथा दो अन्य बिना नंबर के डंपर हैं। इसके अतिरिक्त मुरम से भरा एक डंपर पंजीयन क्रमांक आरजे 09 जीबी 3700 सुवाखेड़ा में, एक डंपर आरजे 09 जीसी 0155 मुरम का खेताखेड़ा में तथा 3 ट्रैक्टर जिनका पंजीयन नंबर एमपी 44 एबी 5902, एमपी 44 एए 6885 एवं एमपी 44 एए 5608 को जप्त किया।

### मंदसौर में खनिज विभाग कब तक सोता रहेगा...!

इधर मंदसौर के आम शहरियो के दिमाग में यह बात समझ में नहीं आ रही है कि आखिर मंदसौर जिले का खनिज विभाग कब तक सोता रहेगा। क्या सारी खनिज संपदा लूट जाने के बाद ही खनिज विभाग जागेगा? पड़ोसी जिले रतलाम-नीमच में आए दिन खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जबकि, मंदसौर मीडिया में आए दिन जानकारी आने के बाद भी खनिज विभाग के कारिंदे लापरवाह बने हुए है।

### समर्थन मूल्य को नहीं मिल रहा किसानों का समर्थन...

# ढाई हजार ने भी नहीं कराया पंजीयन, 31 मार्च अंतिम दिन

### मंडी में किसानों को मिल रहे ज्यादा भाव

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को किसानों का ज्यादा समर्थन नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण है कि समर्थन मूल्य से ज्यादा भाव कृषि उपज मंडी में मिल रहे हैं। अभी तक 2467 किसानो ने ही पंजीयन कराया है। जबकि, जिले में किसानों के पंजीयन के लिए 77 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए है।**

जिले में दो लाख 30 हजार किसानों ने इस बार गेहूं की फसल की बुआई की थी। एक दिन पहले तक केवल 2467 किसानों ने ही पंजीयन करवाया है। यानी की दो प्रतिशत से भी कम किसानों ने अब तक पंजीयन करवाया है। तारीख बढने के साथ ही अधिकारियों को पंजीयन बढने की आस है। बाजार में गेहूं का भाव 3000 से 3252 रुपए प्रति क्विंटल चल रहा है। जबकि, सरकारी खरीदी 2425 रुपए और बोनस अतिरिक्त मिलेगा। अर्थात बाजार और सरकारी खरीदी के भाव में बहुत अधिक अंतर है। ऐसे में किसान बाजार में ही अपनी उपज को लेकर जाएंगे।

किसानों के अनुसार पहले ही लहसुन के भाव नहीं मिले है। जबकि किसानों ने मंहगे बीज लिए थे। गेहूं को लेकर बाजार में भाव अधिक है। किसान वहां पर ही अपनी उपज को लेकर जाएगा और बेचेगा। समर्थन मूल्य और बोनस दोनों ही सरकार को बढ़ाना चाहिए, ताकि किसानों को फायदा हो। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। बाजार में अच्छे भाव है। किसान रामनारायण ने बताया कि बाजार में बहुत अच्छे भाव मिल रहे है। इसलिए मैं बाजार में ही गेहूं बेचूंगा।

### डोनीपोलो उद्योग के मुनीम और मालिक ने दी थी रेलवे अधिकारी को रिश्वत देने की पेशकश...

## सीबीआई की एंटी करप्शन यूनिट ने दबोचा

**शामगढ़, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे स्लीपर फैक्ट्री डोनिपोलो उद्योग के मुनीम द्वारा कथित रूप से जयपुर रेलवे अधिकारी को बिल पास करने के एवज में रिश्वत की पेशकश की गई थी। सीबीआई की एंटी करप्शन यूनिट ने रेलवे अधिकारियों को रिश्वत के कथित मामले में जांच की। जिसके बाद फैक्ट्री के मालिक विनय चमडिया एवं मैनेजर केएल गुप्ता को हिरासत में लेकर जयपुर ले जाया गया है। इससे पूर्व अधिकारियों ने फैक्ट्री एवं बैंक में जांच की तथा दोनों को गरोठ कोर्ट में पेश किया। जहां से प्रोडक्शन वारंट लेकर दोनों को जयपुर ले जाया गया है। संभवत दोनों को कल जयपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

बताया गया हैं कि रेलवे अधिकारियों को जयपुर में बिल भुगतान के एवज में कथित रुप से रिश्वत की पेशकश के मामले में फैक्ट्री के कर्मचारी गौरव कालरा को केंद्रीय जांच एजेंसी ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उसी के बाद यह कार्रवाई की गई, जो बुधवार की शाम से गुरुवार की दोपहर तक चली।

### भाजपा ने फिर दिल्ली में दोहराया... पेज 1 से जारी

भजन लाल शर्मा सहित भाजपा शासित राज्यों के उदाहरण है। देश के राजनीतिक जगत में यह भी उदाहरण है कि वर्तमान नेतृत्व में जितने भी राज्यों में नए विधायकों कोजिम्मेदारी सौंपी है, उन्हें प्रदेश संगठनों ने सहज स्वीकार भी किया है। इसका एकमात्र मुख्य कारण भाजपा संगठन में अनुशासन का होना है। यही कारण भी है हाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने हारने वाले वातावरण के बाद भी जीत हासिल कर सरकारें बनाई है। अनुशासन और नियंत्रण का ही दिल्ली राज्य भी उदाहरण बन गया है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री साहब सिंह वर्मा का बेटा जो पूर्व सांसद और विधायक भी है और इसलिए विधानसभा चुनाव में विधायक और इसी विधानसभा चुनाव के सूत्रधार भी थे, अपने से कनिष्ठ विधायक रेखा गुप्ता के नेतृत्व में मंत्री पद स्वीकार कर संतुष्ट हैं। भाजपा हाई कमान ने दिल्ली राज्य की कमान रेखा गुप्ता को सौंप कर कर अपने पड़ोसी राज्य हरियाणा के मंत्री अनिल विज को भी संदेश दे दिया है कि मंत्री है, तब भी अनुशासन में ही रहना होगा अन्यथा..!


✻ उठावना ✻

मेरी धर्मपत्नी, बंशीलाल, कैलाश (काका) की भाभीमाँ एवं गोपाल, गोविंद की पूज्य माताजी, व जगदीश, मैनाक की बड़ी माँ एवं प्रिंस, मयंक, अमन, सोम, दैवीक की दादीजी तथा प्रसंग की पड़दादी श्रीमती मोहनबाई का नि:धन बुधवार को हो गया है जिनका उठावना शुक्रवार, दिनाँक 21 फरवरी 2025 को दोपहर 01 बजे पोरवाल धर्मशाला पिपलियामंडी पर रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
कन्हैयालाल भूत एवं समस्त भूत परिवार, (लसुड़ियां राठौर वाला) पिपलियामंडी जिला मंदसौर
फर्म–कैलाश आइल मील, बंशीलाल रतनलाल, गोपाल ट्रेडर्स, अमन ट्रेडर्स, दैविक ट्रेडर्स, कृषि उपज मंडी प्रांगण, श्री रतन वेयर हाऊस





D-11189/24


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in